Title: Need for adequate storage facility for grains particularly in Punjab and Haryana.

डॉ. सुशील इन्दौरा (सिरसा) : अध्यक्ष महोदय, भारत एक कृषि प्रधान देश है और आज भी देश की अधिकांश आबादी खेती पर ही निर्भर है। देश के किसानों ने, विशेषकर पंजाब और हरियाणा के किसानों ने कड़ी मेहनत और अद्भुत लगन के बल पर न केवल देश की भूख का इंतज़ाम कर दिखाया है, वरन् देश के भंडारों को भी अतिरिक्त अनाज से भर दिया है। आज देश में आवश्यकता से अधिक खाद्यान्न उपलब्ध है परंतु खेद है कि इसके समुचित भंडारण की व्यवस्था का अभाव है। पंजाब और हरियाणा के भंडार अनाज से पटे पड़े हैं। दो माह बाद जब नई फसल धान की आएगी, उसके रखने के लिए इन राज्यों में व्यवस्था नहीं होगी। भंडारण व्यवस्था के अभाव में किसान की मेहनत, उसके अनाज के रूप में नष्ट होती दिखेगी।

अतः मेरा अनुरोध है कि अभी समय रहते पंजाब और हरियाणा राज्यों से अनाज को उठाकर इन राज्यों में भेजने की व्यवस्था की जाए, जहां इसके उपयोग के लिए आवश्यकता है। समय रहते भंडारों को खाली करा लिया जाए, ताकि आगामी फसल पर किसानों के धान की भरपूर खरीद हो सके और उन्हें उनकी मेहनत की पूरी कीमत प्राप्त हो।